भर्ती हेतु सूचना
कार्यक्रम समन्वयक (एनवीबीडीसीपी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम निदेशालय (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उद्देश्य

राष्ट्रीय जेई/एईएस रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम का क्रियान्वयन करना, जेई/एईएस की जांच और मूल्यांकन, निगरानी और सूचना प्रबंधन में सहायता करना ताकि कार्यक्रम के सभी स्तरों पर निर्णय लेने लिए विश्वसनीय डेटा का उपयोग सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, आवश्यकतानुसार नीतिगत बदलावों सहित कार्यक्रम के बेहतर कार्यान्वयन और निगरानी के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के साथ–साथ राज्य सरकारों के साथ संपर्क स्थापित करना। कार्यक्रम समन्वयक, इस कार्यक्रम के तकनीकी सलाहकार के रूप में कार्य करेगा।

दायित्व

एनवीबीडीसीपी के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य परामर्शदाताओं के साथ निम्नलिखित के लिए निकट सहयोग में कार्य करनाः

i. कार्यक्रम तैयार करने और कार्यक्रम कार्यान्वयन के सभी तकनीकी घटकों में सहायता करना।

ii. नए जेई/एईएस की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सहायता करने के लिए, समय–समय पर उसकी स्थिति की समीक्षा करना। कार्यक्रम का गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य और जिला जेई परामर्शदाताओं के साथ समन्वय स्थापित करना ।

iii. एनवीबीडीसीपी स्टाफ, जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ और आईटी विशेषज्ञ के सहयोग से कार्यक्रम कार्यान्वयन के मूल्यांकन के लिए प्रारूप, लॉग फ्रेम, मैट्रिक्स तैयार करने, कार्यक्रम के लिए सूचक विकसित करना या उन्हें संशोधित करना।

iv. मध्यावधि मूल्यांकन के लिए पद्धति विकसित करने में सहायता करना और यह सुनिश्चित करना कि उन्हें अपनाया जाता है।

v. कम्प्यूटरीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (सीएमआईएस) की विशेष रिपोर्ट के परिणामों का मूल्यांकन करना और इन्हें योजना और परियोजना के कार्यान्वयन में एकीकृत करना।

vi. कर्मचारियों और कार्यान्वयन भागीदारों की अपनी प्रगति रिपोर्टें तैयार करने में सहायता करना और समस्या और आवश्यक कार्रवाई की दृष्टि से इन रिपोर्टों का विश्लेषण करना।

vii. निगरानी, जांच और मूल्यांकन के लिए रणनीति के विकास और कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र/एकीकृत रोग निगरानी परियोजना/भारतीय चिकित्सा अनुसंधान/अन्य संबंधित संस्थाओं या संगठनों के साथ संपर्क बनाए रखना।

viii. उपर्युक्त कार्यक्रम के प्रभावी नीति निर्माण, क्रियान्वयन, समन्वय और मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय जेई/एईएस की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम में सहभागी मंत्रालयों के साथ संपर्क स्थापित करना।

ix. जेई/एईएस के प्रकोप से निपटने और तेजी से कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों को बढ़ावा देना।

x. रिपोर्ट/डेटा का संकलन और विश्लेषण करना।

xi. आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करना।

xii. निदेशक, एनवीबीडीसीपी द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

xiii. कार्यक्रम समन्वयक, निदेशक एनवीबीडीसीपी के समक्ष एक मासिक और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इन गतिविधि रिपोर्टों के आधार पर कार्य निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा।

योग्यता और अनुभव

जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस./एम.एससी (कीट विज्ञान/जीवन विज्ञान) उपाधि।

वांछनीयः निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा/सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/सूक्ष्म जीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी)/बाल रोग विषयों में एमडी/एमपीएच/डीपीएच या सुसंगत विषयों में पीएच.डी. उपाधि। राष्ट्रीय/राज्य/जिला स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में कार्य करने का अनुभव।

नियुक्ति की प्रकृति

आरंभ में समन्वयक की नियुक्ति एक वर्ष के लिए संविदा आधार पर (संतोषजनक प्रदर्शन के अध्यधीन) होगी और कार्य–निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाई जा सकती है।

रिपोर्टिंग

निदेशक एनवीबीडीसीपी, कार्यक्रम सह–समन्वयक के समग्र प्रभारी होंगे।

आयु

45 वर्ष से कम

अनिवार्यः बड़े पैमाने पर यात्रा करने का इच्छुक

पारिश्रमिक

78000 रुपए प्रति माह, 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ अधिकतम 1,00,000/– रुपए का प्रावधान के साथ प्रति माह बशर्ते समीक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट संतोषजनक हो। सरकार द्वारा अनुभव मूल्यांकन के आधार पर आरंभिक राशि नियत की जाएगी।

छुट्टी

10 दिनों की बीमारी छुट्टी प्रति वर्ष
20 दिनों की वार्षिक गैर–संचयी, गैर–नकदीकरणीय छुट्टी
मातृत्व अवकाशः 60 दिनों की आधा वेतन छुट्टी

यात्राः

सरकारी नियमानुसार यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता

निकासी

कोई भी पक्ष, किसी भी समय लिखित रूप में एक महीने की नोटिस देकर अनुबंध समाप्त कर सकते हैं।

चयन

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस), एनवीबीडीसीपी की वेबसाइटों में विज्ञापन प्रकाशित कर सरकार की मौजूदा नीतियों के अनुरूप एनएचएसआरसी के माध्यम से चयन/नियुक्ति की जाएगी।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **13-Sep-2016** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।